| | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | 10/07/23<br>पत्रावली पेश हुई। वकीलों द्वारा कार्य स्थगन/P.O. सा० राज्य कार्य में व्यस्त होने से जनरल तारीख पेशी दी गई गत आदेश की पालना में दिनांक 18/07/23 को पेश हो।<br>हस्ताक्षर रीडर | |
| | 18/7/23 पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उप० वास्ते आदेश दि० 20/7/23 को पेश हो।<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बांदीकुई (दौसा) | |
| | 20/7/23<br>पत्रावली पेश हुई। वकीलों द्वारा कार्य स्थगन/P.O. सा० राज्य कार्य में व्यस्त होने से जनरल तारीख पेशी दी गई गत आदेश की पालना में दिनांक 21/7/23 को पेश हो।<br>हस्ताक्षर रीडर | |
| | 21/7/23 पत्रावली पेश हुई। वकील उभयपक्ष उप०। तहसीलदार बांदीकुई से प्राप्त कुर्रेजात पर उभयपक्ष वकील द्वारा सहमति प्रकट करने पर प्राप्त कुर्रेजात स्वीकार किये जाकर वादी का दावा तकासमा अंतिम डिक्री किया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। अंतिम डिक्री जारी कर तहसीलदार बांदीकुई को पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसलशुदा होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br>उप खण्ड अधिकारी<br>बांदीकुई (दौसा) | |

Scanned with OKEN Scanner

PH:-01420-228487

## न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट बांदीकुई (दौसा)

E-Mail:-sdo-ban-dau-rj@nic.in

प्रकरण संख्या :-249/2021
प्रकरण निर्णय दिनांक-21.07.2023

उनवान– 1. मोहनलाल पुत्र पॉच्या जाति जांगिड ब्राहमण निवासी पीचूपाडा कलां तहसील बसवा

बनाम

1. रामदयाल पुत्र पॉच्या जाति जांगिड ब्राहमण निवासी पीचूपाडा कलां तहसील बसवा
2. गणेशी देवी पत्नि रामरूप जाति गुर्जर साकिन सुमेल कलां तहसील बसवा जिला दौसा
3. राजस्थान सरकार तहसीलदार बसवा जरिये लैण्ड होल्डर ।

**दावा बाबत– तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा**
**मुकदमा नं.–249/2021 सन्–2021**

**निर्णय दिनांक 21.07.2023**

वादिया द्वारा वाद पत्र दावा बाबत तकास्मा विरूद्ध प्रतिवादीगण इस आशय से प्रस्तुत किया कि
आराजीयात खाता संख्या नया 175 पुराना 86 के खसरा नम्बर 223 रकबा 0.9000 हैक्टे0 चाही ए कुल
कबा कुल 0.9000 हैक्टे0 लगानी 47/– रूपये 70 पैसे वाके ग्राम पीचूपाडा कलां तहसील बसवा जिला
त है भूमि मुतदाविया में वादी संख्या एक मोहनलाल का 361/750 वॉ हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या
न पुत्र पॉच्या का 1/2 हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या दो गणेशी देवी का 7/375 वॉ हिस्सा है जो
त 2073–2074 के आधार पर है। उपरोक्त वर्णित भूमि मुतदाविया का पक्षकारान के मध्य विधिवत रूप
तकास्मा नहीं हुआ है बल्कि वादीगण एवम् प्रतिवादीगण अपनी अपनी मन समाई से भूमि मुतदाविया
कर अपने अपने हिस्से की भूमि पर काबिज होकर काश्त कर मुस्तफीद होते चले आ रहे है।
ख्या एक व दो के मन में बदयान्ति आ गयी है और वे आये दिन फसल बोते समय काटते समय
को लेकर झगडा फिसाद करते रहते है और वादी के हिस्से की भूमि को स्वयं की भूमि में मिलाकर
ा करने पर व वादी को उसके हिस्से की भूमि से जबरन बेदखल करने पर आमादा रहते है जिस
प्रतिवादीगण से दिनांक 10.09.2021 को प्रतिवादीगण संख्या एक व दो से भूमि मुतदाविया का सरस
ाब से तकास्मा करवाने हेतु कहा तो प्रतिवादीगण ने भूमि मुतदाविया का तकास्मा करवाने से कतई
दिया और कहा कि हम तो भूमि मुतदाविया का कोई तकास्मा नहीं करवायेगे और वादी के हिस्से की
वया से बेदखल करके रहेगे। भूमि मुतदाविया का विधिवत सरस–नरस तकास्मा नहीं होने पर वादी को
ति होगी। अतः निवेदन है कि वादग्रस्त भूमि का वादी के हिस्सेनुसार, विधिवत सरस–नरस तकास्मा
व तथा प्रतिवादीगण को जरिये स्थायी निषेधाज्ञा पाबंद किया जावे कि वे भूमि मुतदाविया से वादी को
दखल कर कब्जा न करे व वादी के हिस्से की भूमि में व्यवधान पैदा न करे।
दी वाद पत्र दर्ज रजिस्टर कर तलबी प्रतिवादीगण जर्ये रजिस्टर्ड ए.डी. सम्मन विधिवत की गई। प्रतिवादी
ओर से अधिवक्ता उपस्थित आये। प्रतिवादी सं. 02 बावजूद जर्ये रजिस्टर्ड ए.डी. नोटिस तामील हाजिर
ही उनका कोई विधिक प्रतिनिधि उपस्थित आया। अतः प्रतिवादी सं. 02 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही
लायी गयी। उभयपक्ष वकील द्वारा वाद को प्राथमिक डिकी किये जाने का निवेदन किया। वादग्रस्त भूमि
ता नया 175 पुरानी 86 के आराजी खसरा नं. 223 कुल किता–01 कुल रकबा 0.90 हैक्ट. ग्राम पीचूपाडा
ील बसवा हाल तह. बांदीकुई स्थित राजस्व जमाबन्दी संवत 2073–76 दर्ज है। जो राजस्व रिकार्ड में
की सहखातेदारी भूमि दर्ज है। प्रत्येक सहखातेदार को खातेदारी भूमि का विधिवत तकास्मा करवाने का

उप खण्ड अधिकारी
बांदीकुई (दौसा)

प्राप्त होने से वादी वाद तकास्मा स्वीकार किया जाकर प्राथमिक डिकी किया गया। तथा तहसीलदार को पूर्व खाता संख्या नया 175 पुरानी 86 के आराजी खसरा नं. 223 कुल किता–01 कुल रकबा 0.90 पीपलवाला कलॉं तहसील बसवा हाल तह. बांदीकुई का राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में दर्ज खातेदारान के काश्त अनुसार, सरस नरस, मकान, बाडा, रहवास, रास्ते आदि की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मौका स्तार बरंग सुर्ख नक्शा ट्रेस दो प्रतियों में तैयार कर न्यायालय हाजा में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया सीलदार बॉंदीकुई के पत्र कमांक 119 दिनांक 16.01.2023 द्वारा कुरेजात प्रस्ताव प्राप्त होकर शामिल किये गये। तहसीलदार बॉंदीकुई से प्राप्त कुरेजात का उभयपक्ष वकील द्वारा अवलोकन किया गया एवं जात अनुसार वाद को अंतिम डिकी किये जाने बाबत निवेदन किया तथा सहमति प्रकट की। हमने प्राप्त का अवलोकन किया। प्राप्त कुरेजात तहसीलदार बॉंदीकुई द्वारा पक्षकारों को विधिवत सूचित कर मौके पर स्व रिकार्ड के बनाया जाना प्रकट होने से प्राप्त कुरेजात स्वीकार किये जाना उचित प्रतीत होता है। अतः दावा तकास्मा एवं स्थायी निषेधाज्ञा स्वीकार किया जाकर प्राप्त कुरेजात अनुसार निम्न अनुसार अंतिम जाता है–

| | | | वर्तमान कुरेजात प्रस्ताव के अनुसार खातेदारी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सं0 | खसरा नं. | रकबा | कम सं. | नाम काश्तकार व वल्दियत | खसरा नंबर | रकबा |
| –175<br>–86 | 223 | 0.90 | 1. | गणेशी देवी पत्नि रामरूप हिस्सा पूर्ण जाति गुर्जर सा. सुमेलकलां खातेदार | 223/1 | 0.0168. |
| | | | | योग | किता–01 | 0.0168.<br>हैक्ट. |
| | | | 2. | मोहनलाल पुत्र पांच्या हिस्सा पूर्ण जाति जांगिड ब्राह्मण सा. देह खातेदार | 223/2 | 0.4332 |
| | | | | योग | किता–01 | 0.4332<br>हैक्ट. |
| | | | 3. | रामदयाल पुत्र पांच्या हिस्सा पूर्ण जाति जांगिड ब्राह्मण सा. देह खातेदार | 223/3 | 0.4500<br>हैक्ट. |

निर्णय व डिकी का भाग रहेगा। अंतिम डिकी जारी हो। तहसीलदार बॉंदीकुई तदनानुसार राजस्व रिकार्ड अमल दरामद करना सुनिश्चित करे। साथ ही प्रतिवादीगण को जर्ये स्थायी निषेधाज्ञा पाबन्द किया जाता कि वे वादीगण के कब्जे काश्त में किसी भी प्रकार की मजाहमत न करें। पालना हेतु तहसीलदार बॉंदीकुई को जारी हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 21.07.2023 को लिखा एवं सुनाया जाकर हस्ताक्षरित किया गया।

निर्णय सुनाया गया।

उप खण्ड अधिकारी
बांदीकुई (दौसा)

(नीरज कुमार मीणा)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
बॉंदीकुई

# अंतिम डिक्री मुकदमा इब्तदाई

(ओ. 20 रूल 6–7 जाब्ता दीवानी)

जज अदालत–न्यायालय उपजिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट बॉदीकुई मुकाम–बॉदीकुई
जज इजलास–श्री नीरज कुमार मीना आर.ए.एस. उपजिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट बॉदीकुई

उनवान– 1. मोहनलाल पुत्र पॉच्या जाति जांगिड ब्राहमण निवासी पीचूपाडा कलां तहसील बसवा

बनाम

1. रामदयाल पुत्र पॉच्या जाति जांगिड ब्राहमण निवासी पीचूपाडा कलां तहसील बसवा
2. गणेशी देवी पत्नि रामरूप जाति गुर्जर साकिन सुमेल कलां तहसील बसवा जिला दौसा
3. राजस्थान सरकार तहसीलदार बसवा जरिये लैण्ड होल्डर ।

दावा बाबत–तकास्मा
मुकदमा नं.–249 / 2021 सन्–2021

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू वादी वकील–श्री गोपाल बन्धु शर्मा व हाजिरी प्रतिवादीगण वकील श्री सुरेन्द्र शर्मा मिनजानिब मुद्दई रूबरू ................................मिनजानिय मुद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है व डिगरी दी जाती है कि प्रकरण में विधिवत प्राप्त कुरैजात पर उभयपक्ष वकील द्वारा सहमति प्रकट की गई एवं वाद को अंतिम डिक्री किये जाने बाबत निवेदन किया गया। अतः प्रकरण में विधिवत प्राप्त कुरैजात अनुसार वाद को अंतिम डिक्री किया जाना उचित समझते हैं। अतः तहसीलदार बॉदीकुई द्वारा प्राप्त कुरैजात अनुसार दावा अंतिम डिक्री किया जाता है। साथ ही प्रतिवादीगण को जरिये स्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वे वादीगण के कब्जे काश्त में किसी प्रकार का व्यवधान पैदा न करें। कुरैजात निर्णय व डिक्री का भाग रहेगा।
निज......—.........मुबलिग......—......बाबत्......—......
...खर्चा इस मुकदमें के मय सूद मसरह......—...... फीसदी सालाना आज की तारीख से तारीख अदायगी तक......—...... का अदा करें।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 21 मांह 07 सन् 2023 को जारी की गई।

मुहर [मुहर: उप जिला कलेक्टर व उप... बांदीकुई]

दस्तखत..........
ओहदा..........
उप खण्ड अधिकारी
बांदीकुई (दौसा)

| मुद्दई | रूपये | पैसे | मुद्दायलह | रूपये | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा<br>स्टाम्प वकालत<br>नामास्टाम्प वजह सबूत<br>महन्ताना वकील खर्चा गवाहान<br>फीस कमिश्नर<br>बाबत इजराय हुक्मनामा<br>मुतफरिक<br>मीजान | —Nil— | | स्टाम्प अर्जी दावा<br>स्टाम्प अर्जी<br>महन्ताना वकील<br>खर्चा गवाहान<br>फीस कमिश्नर<br>बाबत इजराय<br>हुक्मनामा मुतफरिक<br>मीजान | —Nil— | |

उप खण्ड अधिकारी
बांदीकुई (दौसा)

Scanned with OKEN Scanner

# प्राथमिक डिकी मुकदमा इब्तदाई

(ओ. 20 रूल 6–7 जाब्ता दीवानी)

जज अदालत–न्यायालय उपजिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट बॉदीकुई मुकाम–बॉदीकुई
जज इजलास–श्री नीरज कुमार मीना आर.ए.एस. उपजिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट बॉदीकुई

उनवान–1. मोहनलाल पुत्र पॉच्या जाति जॉगिड ब्राह्मण निवासी पीचूपाडा कलॉ तह. बसवा

बनाम

1. रामदयाल पुत्र पॉच्या जाति जॉगिड ब्राह्मण निवासी पीचूपाडा कलॉ तह. बसवा जिला दौसा
2. गणेशी देवी पत्नी रामरूप जाति गुर्जर साकिन सुमेल कलॉ तह. बसवा जिला दौसा
3. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार बसवा तहसील बसवा जिला दौसा

दावा बाबत तकास्मा
मुकदमा नं.–249/2021 सन्–2021

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू वादी वकील–श्री गोपाल बंधु शर्मा व हाजिरी प्रतिवादीगण श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा मुद्दई रूबरू.................. मिनजानिय मुद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि वादी दावा विरूद्ध प्रतिवादीगण स्वीकार किया जाकर प्राथमिक डिक्री किया जाता है। तथा तहसीलदार बॉदीकुई को आदेशित किया जाता है कि ग्राम पीचूपाडा कलॉ तहसील बॉदीकुई स्थित भूमि खाता संख्या नया 175 पुराना 86 खसरा नं. 223 रकबा 0.90 हैक्ट. कुल किता 01 कुल रकबा 0.90 है0 का मौका विभाजन पक्षकारान के मध्य मौके की परिस्थिति में सरस–नरस, मकान, बाडा, कब्जा काश्त, रास्ते की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, विधिवत नियमों की पालना करते हुए विभाजन कर, मौका विभाजन प्रस्ताव बरंग सुर्ख नक्शा ट्रेस के तैयार कर भिजवाये।

— .......मुबलिग................—..............................बाबत्................—..............................
मुकदमें के मय सूद मसरह.......................—.............................. फीसदी सालाना आज की तारीख से तारीख वसूली तक..................—.............................. का अदा करें।
दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 16 माह 09 सन् 2022 को जारी की गई।

दस्तखत..............................
ओहदा..............................
उपखण्ड अधिकारी
बांदीकुई

| मुद्दई | रूपये | पैसे | मुद्दायलह | रूपये | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा | — Nil — | | स्टाम्प अर्जी दावा | — Nil — | |
| स्टाम्प वकालत | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | महन्ताना वकील | | |
| महन्ताना वकील खर्चा | | | खर्चा गवाहान | | |
| फीस कमिशनर | | | फीस कमिश्नर | | |
| बाबत इजराय हुक्मनामा | | | बाबत इजराय हुक्मनामा | | |
| मुतफरिक | | | मुतफरिक | | |
| | | | मीजान | | |

उपखण्ड अधिकारी
बांदीकुई

Scanned with OKEN Scanner